53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 23.8°c
अधिकतम 33.3 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:14, सूर्यास्त - 6:01 | वर्ष : 53/अंक : 274 शनिवार, 04 अक्टूबर 2025 अश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4


**अमृतवाणी**

रिश्ते और पौधे दोनों एक जैसे होते हैं, लगाकर भूल जाओ तो दोनों ही सुख देते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी विदेश में देश की छवि खराब करने का काम कर रहे हैं : भाजपा



उनकी बातों को कौन लिखता है?.... उनकी बातों को कौन सुनता है?....

## खून में गर्मी पड़ सकती है भारी, आई लव मौहम्मद पर जान देने और जान लेने की वीडियो जारी



**बुढ़ाना, 3 अक्टूबर (बु.)।** लगातार आई लव मौहम्मद का मुद्दा उत्तर प्रदेश से खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। पूरे प्रदेश सहित मुजफ्फरनगर में माहौल को साम्प्रदायिक बनाने की कोशिश की जा रही है। एक ओर जहां स्वयं मौलाना शरीयत की बात करते हुए यहां तक कह चुके हैं कि इबादत अपने दिल से हुआ करती है और जिस चीज से देश का माहौल बिगड़ता हो, उसका दिखावा करने की जरूरत क्या है? मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना के रहने वाले सफीपुर पट्टी निवासी नदीम ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर फिर एक बार जनपद में हड़कम्प मचाने का काम किया है। हालांकि यह वीडियो जारी करना नदीम को हर हाल में भारी पड़ेगा, क्योंकि मुजफ्फरनगर पुलिस पूरी तरह इस मामले में गंभीर दिख रही है। इस वीडियो के जारी होने के चंद घंटों बाद ही पुलिस ने इसका संज्ञान लिया और एसपी देहात आदित्य बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त वीडियो को देखने के बाद बुढ़ाना थाने पर सख्त धाराओं में मुकदमा कायम किया गया है।

उन्होंने बताया कि उक्त युवक बुढ़ाना का रहने वाला और मुम्बई से बैठकर वीडियो जारी कर रहा है। वीडियो में बड़ा टशन दिखाता हुआ नदीम पुत्र शमशाद यह कह रहा है कि आई लव मौहम्मद के लिए हम सिर काट भी सकते हैं और कटवा भी सकते हैं। इसी के नाम से एक अन्य वीडियो जारी हुआ है। वीडियो जारी करते हुए बड़े गर्व और घमंड में नदीम यह कहता हुआ दिख रहा है कि एड्रेस की कोई जरूरत नहीं है। एड्रेस है बुढ़ाना, सफीपुर पट्टी। अब देखना यह होगा कि मुजफ्फरनगर पुलिस कब तक उक्त युवक का माकूल उपचार करती है और मुम्बई से इसे खुद उठाकर लाती है या नदीम खुद अपनी गलती कबूल करने के लिए मुजफ्फरनगर जनपद आता है। फिलहाल जनपद में माहौल खराब करने वालों के खून गर्म ही दिख रहे हैं। बेशक सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छाती पर बुल्डोजर चलाने की बात कह रहे हों मगर गर्म खून के लोग तो सिर कटवाने और काटने की बात खुलेआम कर रहे हैं। बस अब देखना यह होगा कि कौन सिर कलम करवाता है और कौन कलम करता है?

## फिर बड़ी सफलता : स्वर्णकार से लूट करने वाला एक लाख का इनामी ढेर

**बुढ़ाना, 3 अक्टूबर (बु.)।** दादा पौत्र से सोने चांदी के कीमती आभूषण लूटने वाला एक इनामी बदमाश आज शुक्रवार की देर रात पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया। बदमाश पर एक लाख रुपए का इनाम कुछ ही दिन पहले घोषित हुआ था। इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी के भी घायल होने की सूचना है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक इसकी पुष्टी नहीं हो पाई थी। एसपी देहात ने मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम को शाबाशी दी। मिली जानकारी के अनुसार बीती 14 सितम्बर को तीन अज्ञात लुटेरों ने तमंचों के बल पर सर्राफ दादा पौत्र से लाखों रुपये की कीमत के सोने चांदी के जेवर और नगदी लूट ली थी। तब पुलिस ने सुरागरसी करते हुए बीती 21 सितम्बर को मुठभेड़ के दौरान लुटेरों को गोली मारकर पकड़ लिया था। इनमें महताब नाम का बदमाश फरार चल रहा था। जिस पर एक लाख रुपये का इनाम रखा हुआ था। आज पुलिस



ने मुखबिर की सूचना पर उक्त बदमाश को मुठभेड़ में मार गिराया। स्वर्णकार समाज ने इस लूट के खुलासे पर पिछले माह ही सीओ गजेंद्र पाल सिंह और कोतवाल सुभाष अत्री को भी सम्मानित किया था। इस मुठभेड़ में गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के प्रभारी ललित कसाना और कांस्टेबल अली भी घायल हो गये। पुलिस टीम ने मौके से सर्राफा व्यापारी से लूटी हुई 1 किलो चांदी और सोना भी बरामद कर 2 पिस्टलें भी बरामद की है। ये पिस्टल सरकारी बताई जा रही है। ये पिस्टलें इस बदमाश पर कहां से आई ये भी जांच का विषय बन गया है। बताया जाता है कि बदमाश पर हत्या, डकैती व लूट के 18 मामले दर्ज हैं।



मुठभेड़ में ढेर बदमाश का फाइल फोटो

## लो जी... न्याय की गुहार लगाने वाले को मिली नई सौगात, अतिक्रमण से परेशान भोला जूस वाले के काउंटर ही निकालकर रख दिये सड़क पर

**मुजफ्फरनगर, 3 अक्टूबर (बु.)।** मुजफ्फरनगर जनपद में अजीबो-गरीब विड़म्बनाएं सामने आने लगी हैं। जब तक व्यक्ति आत्महत्या पर उतारू न हो जाए, तब तक उसे न्याय ही नहीं मिलता दिखाई देता। और कभी-कभी तो आत्महत्या की धमकी देना भी महंगा पड़ जाता है। उल्टा पीड़ित के साथ ही अन्याय होता दिखाई देता है। जी हां सुनने में कुछ अजीब लग रहा होगा, मगर खुद अपनी आंखों से देखिए। आज से आठ दिन पहले विश्वकर्मा चौक के निकट भोला जूस सेंटर के मालिक वीशू अग्रवाल ने कई वर्षों से अपने सामने अतिक्रमण कर रही महिलाओं के विरोध में आत्महत्या करने का वीडियो जारी किया था। वीडियो जारी होने के बाद आज प्रशासन का बुलडोजर मौके पर पहुंचा और उसने गेहूं के साथ घुन को भी पीस दिया। हटाना को महिला के अतिक्रमण को था, उसकी चपेट में आकर भोला जूस वाले के काउंटर निकालकर बाहर फेंक दिये। यह भी जानकारी नहीं जुटाई गयी कौन सही और कौन गलत है? खुद अपनी आंखों से पढ़िए कि किस बेदर्दी के साथ खुद शिकायतकर्ता के ही काउंटर बाहर सड़क पर फेंक दिये गए। ऐसे में इस शहर के अंदर कौन नेता और कौन प्रशासनिक अधिकारी किसको न्याय दिलाएगा ये सब राम भरोसे है। आपको बता दें कि विश्वकर्मा चौराहे से चंद कदम की दूरी पर वीशू अग्रवाल नामक व्यक्ति का भोला जूस सेंटर के नाम से लम्बे समय से दुकान मौजूद है। उसकी दुकान के आगे पिछ्ले कई वर्षों से एक महिला मंजू व उसके तीन पुत्र प्रियांशु, बादल व सरदार अतिक्रमण करके बैठे हैं। वीशू अग्रवाल की मानें तो वह नेताओं और अधिकारियों के पास अपनी गुहार लगा-लगाकर थक चुका है और दस दिन पहले उसने इसका वीडियो भी वायरल किया था कि यदि महिला व उसके पुत्रों ने अतिक्रमण नहीं हटाया तो वह नगर पालिका में जाकर आत्महत्या कर लेगा। इसका संज्ञान लेते हुए आज प्रशासन का महाबलि विश्वकर्मा चौक के निकट पहुंचा और महिला द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटवाने के साथ-साथ वीशू अग्रवाल के जूस सेंटर की ऐसी दुर्दशा की जो आम आदमी की सोच से भी परे है। दुकान के अंदर से काउंटर निकालकर पहले सड़क पर फेंका गया उसके बाद टीम पूरा सामान भरकर साथ ले गयी। दुखी वीशू अग्रवाल का कहना है कि अतिक्रमण के विरुद्ध आवाज उठाने का उसे प्रशासन ने सबक सिखाने के लिए ऐसा किया है मगर वह अब भी हार नहीं मानेगा, वह अपनी गुहार अब प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ मुख्यमंत्री तक लगाएगा। वीशू अग्रवाल का बताना है कि शहर के नेताओं का बसका वैसे भी कुछ नहीं रहा यदि कुछ होता तो उसका फैसला कह-सुनकर भी नेता करा सकते थे मगर पिछ्ले कई वर्षों में चक्कर काट-काटकर उसकी जूतियां घिस गयी हैं, मगर कहीं से उसे कोई न्याय नहीं मिला। आज न्याय के रूप में नई सौगात मिली है कि उसी के काउंटर उठाकर बाहर फेंक दिये गए हैं।



भोला जूस सेंटर के बाहर फेंके गए काउंटर



देर शाम धरने पर बैठी महिला मंजू

### जूस वाले के बाद अब महिला मंजू ने भी दी आत्महत्या की धमकी

**मुजफ्फरनगर।** विश्वकर्मा चौक के निकट भोला जूस सेंटर के मालिक वीशू अग्रवाल ने दस दिन पहले वीडियो जारी कर महिला द्वारा अतिक्रमण न हटाए जाने पर आत्महत्या की धमकी की वीडियो जारी की थी। आज जब प्रशासन का महाबलि अतिक्रमण हटवाने के लिए पहुंचा तो महिला द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटवाने के साथ-साथ जूस वाले के काउंटर तक भी दुकान से बाहर निकाल दिये गए। जैसे ही महिला द्वारा किया गया अतिक्रमण हटवाया गया तो महिला जोर जोर से चिल्लाने लगी और चादर बिछाकर वहीं बैठ गयी और प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि उसे यहां दुकान नहीं लगाने दी गयी तो वह दो दिन बाद आत्महत्या कर लेगी। अब प्रशासन दुकानदार व महिला के बीच क्या समझौता हो पाता है, यह कह पाना तो मुश्किल है, फिलहाल अतिक्रमण हटवाने के दौरान एक ओर जहां प्रशासन के महाबलि ने टीन टप्पर सब तोड़ दिये वहीं दूसरी ओर समाचार लिखे जाने तक महिला मंजू का हंगामा जारी था।

### घर से बुलाकर हत्या : युवक को बेहोश कर बरसाईं गोलियां, लाइव वीडियो वायरल

**मेरठ, 03 अक्तूबर (एजेंसी)।** मेरठ के लोहिया नगर क्षेत्र में बुधवार सुबह सनसनी फैल गई, जब गांव नरहाड़ा के जंगल में एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के राधना वाली गली निवासी आदिल उर्फ रिहान (25) पुत्र कामिल के रूप में हुई। आदिल कपड़े बेचने का काम करता था। बुधवार सुबह नरहाड़ा निवासी उपदेश बैंसला के नलकूप पर पानी की होजी के पास चक रोड किनारे आदिल का गोली लगा शव पड़ा मिला। शुरूआत में शव के पास कोई पहचान पत्र न होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी, लेकिन दोपहर तक परिवार ने मृतक की पहचान कर ली। पुलिस जांच में सामने आया कि मंगलवार दोपहर आदिल को उसके दो दोस्त हमजा और जुलकमर घर से बुलाकर अपने साथ ले गए थे। आशंका है कि दोनों ही उसे जंगल में ले गए और पहले बेहोश करने के बाद उसकी ही पिस्टल से तीन गोली मारकर हत्या कर दी। हैरानी की बात यह है कि आरोपियों को इस हत्या को अंजाम देते वक्त कानून का जरा भी खौफ नहीं था। हत्यारे ने इस वारदात का लाइव वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिए। वायरल हुए वीडियो में एक युवक नीचे पड़े आदिल को पिस्तौल से गोली मारते हुए दिखाई दे रहा है। एएसपी अंतरिक्ष जैन ने बताया कि इस वारदात के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई हैं। मृतक को घर से बुलाने वाले दोस्तों की तलाश की जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो और फोटो के आधार पर पुलिस हथियारों और आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।


जय अग्रजन श्री अग्रसेन जयते जय अग्रवाल



**स्नेह-निमंत्रण**

**संयुक्त वैश्य मोर्चा जनपद मुजफ्फरनगर**

द्वारा अग्रकुल शिरोमणि चक्रवर्ती सम्राट

**महाराजा अग्रसेन जी की जयंती**

के शुभ अवसर पर

**विशाल भजन संध्या एवं गोष्ठी**

का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आप सभी सम्मानित अग्रबन्धु सपरिवार सादर आमन्त्रित हैं।

।। मुख्य अतिथि ।।

* मा. श्री कपिल देव अग्रवाल — स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कौशल विकास, उ.प्र. सरकार
* श्रीमती मीनाक्षी स्वरूप जी — नगरपालिका अध्यक्षा, मुजफ्फरनगर
* श्री आलोक डागा — वरिष्ठ समाजसेवी
* श्री निरंकार स्वरूप — टिकौला शुगर मिल
* श्री गौरव स्वरूप — वरिष्ठ भाजपा नेता एवं उद्योगपति
* श्री अशोक तायल — वरिष्ठ समाजसेवी
* श्री रंजन मित्तल एडवोकेट — वरिष्ठ समाजसेवी

।। विशिष्ट अतिथि ।।

* श्री सत्य प्रकाश रेशु, समाजसेवी
* श्री योगेन्द्र मित्तल, जे बी स्टील्स
* श्री सतीश कुमार, सर्राफ
* डॉ. हिमांशु गोयल एमडी, डीएम (ग्रैस्ट्रो)
* डॉ. विभू गर्ग, सर्जन
* श्री अमित रस्तोगी, नायब तहसीलदार, खतौली
* श्री रामकुमार, सर्राफ
* श्री मनोज जैन, LG वाले
* श्री अभिषेक अग्रवाल, उद्योगपति
* श्री श्रेय गोयल, सर्राफ
* श्री अनिल तायल, पूर्व वाइस चेयरमैन
* श्री अंशुल अग्रवाल, लिबर्टी

कार्यक्रम :- रविवार, 05 अक्टूबर 2025

| | |
|---|---|
| भजन संध्या | सायं 6 बजे प्रारम्भ |
| गोष्ठी | सायं 7:30-9:00 बजे |
| सहभोज | रात्रि 9:00 बजे से |

स्थान:- मधुर मिलन बैंकट हॉल, कूकड़ा चौक, अलमासपुर रोड, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)

।। आयोजकगण एवं प्रबंधक समिति ।।

श्री कृष्ण गोपाल मित्तल, अध्यक्ष, M: 9319005000, 9319007000
श्री शलभ गुप्ता एडवोकेट, मुख्य संयोजक एवं सलाहकार, M: 7017930485, 9358194892
श्री सुनील तायल, मुख्य संयोजक, M: 9412115029


## दो वर्षीय बच्चे की पानी की बाल्टी में डूबने से मौत

**चरथावल, 03 अक्टूबर (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र के गांव निर्धना में एक दो वर्षीय बच्चे की पानी से भरी बाल्टी में डूबने से मौत हो गयी। अचानक हुई बच्चे की मौत से परिवार सहित गांव में कोहराम मच गया। आनन-फानन मे गांववासी मृतक बच्चे के घर की और दौड़े। बताते चलें कि क्षेत्र के गांव निर्धना में दो वर्षीय अलीशान पुत्र शाहनवाज अपने घर के आँगन में ही खेल रहा था। बच्चे की माँ अपने घर के कामकाज में जुटी थी। खेलते-खेलते अलीशान बाथरूम की ओर चला गया जहां पानी से भरी बाल्टी रखी हुई थी। पानी से भरी बाल्टी में अलीशान घुस गया, जिसके बाद बाल्टी में पानी अधिक होने के कारण अलीशान के सर से ऊपर पानी पहुंच गया और अलीशान की पानी में डूबने से मौत हो गयी। कामकाज निपटाकर अलीशान की माँ ने उसकी खोजबीन की, लेकिन अलीशान का कहीं अता-पता नहीं चला। घर के बाहर गली-मौहल्ले में भी उसको ढूंढा गया, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद बाथरूम में देखा तो अलीशान पानी की बाल्टी में मृत पड़ा हुआ था' जिसको उठाकर परिजन डाक्टरों के पास ले जाना चाहते थे, लेकिन अलीशान को मरे हुए भी समय बीत चुका था। अलीशान की अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं तीन वर्ष पूर्व ही आलीशान के पिता शाहनवाज की शादी हुई थी और अलीशान अपने माता-पिता की जेठी औलाद था। शाहनवाज मुंबई में रहकर वेल्डिंग का कार्य करते हुए अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। परिजनों सहित गांव में बच्चे अलीशान की मौत से कोहराम मच गया। सभी मृतक के परिजनों को सांत्वना देते नजर आए, वहीं परिजनों का बुरा हाल था। प्रमुख समाजसेवी शाहआलम सहित अनेकों गणमान्य मौके पर परिजनों को दिलासा देते नजर आए।




**शोक सन्देश एवं रस्म पगड़ी**

सुनहु भरत भावी प्रबल, बिलख कहेउ मुनि नाथ। हानि-लाभ, जीवन-मरण, यश अपयश विधि हाथ।।



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी

**श्री राजीव सिंघल जी**

(सुपुत्र स्व० लाला धर्म प्रकाश सिंघल जी)

का निधन दिनांक 24 सितम्बर 2025, दिन- बुधवार को हो गया था।
परमपिता परमेश्वर की ऐसी ही इच्छा थी।

**रस्म पगड़ी एवं शोक सभा**

दिनांक 05 अक्टूबर 2025, दिन-रविवार को
हवन- सुबह 9.00 बजे (निज निवास)
रस्म पगड़ी एवं शोक सभा - अपराह्न 2.00 बजे
बारात घर, पचेण्डा रोड, गाँधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल परिवार :-


सपना सिंघल (पत्नी), अर्चित सिंघल, लविश सिंघल (पुत्र)
पारूल कुच्छल, अमित कुच्छल (बहन, बहनोई)
रिया, मान्या, अर्णव (भतीजी, भतीजा) एवं समस्त सिंघल परिवार

प्रतिष्ठान -: वोलगा ड्राईक्लीनर्स एवं वोलगा क्रॉकरी
सम्पर्क सूत्र:- 9548888852, 8630736246


### सीतापुर में पद संचलन करते समय गिरा युवक, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

**सीतापुर, 03 अक्तूबर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस पर पद संचलन करते समय एक युवक अचेत होकर गिर गया, जिसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। इमलिया सुल्तानपुर में गुरुवार की शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता पद संचलन कर रहे थे। सेरुकहा गांव के अंकित सिंह (23) पुत्र विंदेश्वरबक्स सिंह पद संचलन कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। पद संचलन करते हुए अंकित थोड़ी दूर ही चले थे कि अचानक अचेत होकर गिर गए। साथी कार्यकर्ता तत्काल ऐलिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पर सीओ महोली नागेंद्र कुमार चौबे, थानाध्यक्ष इमलिया सुल्तानपुर श्यामू कनौजिया अस्पताल पहुंचे। अंकित के बड़े भाई अंकुश ने बताया कि पहले से कोई बीमारी नहीं थी। सीओ नागेंद्र कुमार चौबे ने बताया अंकित संघ कार्यकर्ता के रूप में पद संचलन कर रहे थे, तभी अचेत होकर गिर गए और उनकी मौत हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चलेगा। बताया जाता है कि रैली शुरू होने के बाद कुछ दूर तक उसने ड्रम बजाया, तभी अचानक वह बेहोश होकर गिर पड़ा। साथी कार्यकर्ताओं ने आनन-फानन में उसे ऐलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



# नक्शे से पाकिस्तान मिटा देंगे: सेना प्रमुख बोले- आतंक बंद करो, वरना संयम भूल जायेंगे

## ▸ ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट करने का किया दावा
## ▸ पाकिस्तान को लेकर सेना प्रमुख का बड़ा बयान, बोले- भारत अब संयम नहीं रखेगा, आगे की कार्रवाई करेगा




**नई दिल्ली, 03 अक्तूबर (एजेंसी)।** श्रीगंगानगर में आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा- जिस तरह से भारत ने ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में संयम रखा है, अबकी बार भारत ये संयम नहीं रखेगा। इस बार हम आगे की कार्रवाई करेंगे और कुछ इस तरह की कार्रवाई करेंगे कि पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि उसे भूगोल में रहना है या नहीं। अगर पाकिस्तान को भूगोल में अपनी जगह बनानी है, तो उसे अब आतंकवाद को संरक्षण देना बंद करना पड़ेगा। सेना प्रमुख ने जवानों से कहा कि अब आप अपनी पूरी तैयारी करके रखें, अगर भगवान ने चाहा तो जल्द ही ये मौका मिलेगा। सेना प्रमुख शुक्रवार सुबह घड़साना के गांव 22 एमडी में आर्मी छावनी पहुंचे थे। आर्मी चीफ ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 9 आतंकी



ठिकानों को नष्ट किया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। ऑपरेशन सिंदूर हमारी जिंदगी से इस तरह से जुड़ गया है कि जब तक हम जीवित रहेंगे, तब तक यह हमारे साथ रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दिया गया था और ये ऑपरेशन महिलाओं को समर्पित था। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के साथ लोगों को भी सफलता का श्रेय दिया है। उन्होंने कहा कि इस देश की कोई भी महिला अपनी मांग में सिंदूर लगाती है तो उस समय वो भारतीय सेना के जवानों को याद करती है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार आतंकवाद के खिलाफ जो ऑपरेशन सिंदूर किया गया है, पूरे ऑपरेशन का नाम एक ही रखा गया था, जबकि इससे पहले जो भी ऑपरेशन किए गए हैं, उनके नाम अलग-अलग हुआ करते थे। सेना प्रमुख ने कहा- पहलगाम में आतंकी हमला होने के बाद जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। उस समय पूरा विश्व भारत के साथ जुड़ गया था। पूरे विश्व ने इस आतंकी हमले की निंदा की थी। उन्होंने कहा- भारत ने पाकिस्तान में 9 टारगेट हिट किए थे, इनमें से 7 आर्मी ने और 2 वायु सेना की ओर से हिट किए गए थे। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा- जिन आतंकी ठिकानों को भारत ने खत्म किया था, उनका सबूत भी पूरी दुनिया को दिखाया है। अगर भारत सबूत नहीं दिखाता तो पाकिस्तान इन सबको छुपा लेता। उन्होंने कहा कि इस बार भारत पूरी तैयारी के साथ है। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर 1.0 में अच्छा काम करने वाले सेना के तीन अधिकारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम में बीएसएफ की 140वीं बटालियन के कमांडेंट प्रभाकर सिंह, राजपूताना राइफल्स के मेजर रितेश कुमार और हवलदार मोहित गैरा को सम्मानित किया गया। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 9 सितंबर को कहा था कि युद्ध के दौरान जमीन पर कब्जा ही भारत में जीत की असली ह्यकरेंसीह्न या पैमाना है। इस वजह से थल सेना की भूमिका हमेशा सबसे अहम रहेगी। जनरल द्विवेदी दिल्ली में ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे।




# पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में हिंसक झड़पें, तीन पुलिसकर्मी मारे गए

**नई दिल्ली, 03 अक्तूबर (एजेंसी)।** पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में बुधवार से विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए। चाम्याती इलाके में हुई झड़पों में तीन पुलिसकर्मी मारे गए और लगभग 150 पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों में से आठ की हालत गंभीर है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक और संघीय मंत्री तारिक फजल चौधरी ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में घटना की पुष्टि की। प्रधानमंत्री हक ने कहा कि हिंसा से कोई भी उद्देश्य हासिल नहीं किया जा सकता और संघर्षों का समाधान हमेशा बातचीत के जरिए ही निकाला जाना चाहिए। संघीय मंत्री चौधरी ने बताया कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने उन्हें समिति के नेताओं के साथ बातचीत करके समाधान निकालने की ज़िम्मेदारी सौंपी है। उनके अनुसार, समिति की 90 प्रतिशत माँगें पूरी कर दी गई हैं और वह बाकी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने पाकिस्तान में बिगड़ते हालात पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और घटना की पारदर्शी जाँच के आदेश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को विरोध प्रदर्शनों से प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता प्रदान करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन प्रदर्शनकारियों को सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित करने वाले कार्यों से बचना चाहिए। जम्मू कश्मीर पब्लिक एक्शन कमेटी (पीएसी) के माध्यम से प्रदर्शनकारियों ने सरकार से प्रशासनिक अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के विशेषाधिकार समाप्त करने, पाकिस्तान में शरणार्थियों के लिए 12 विधानसभा सीटें प्रदान करने, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा, कपड़े और शिक्षा, एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की स्थापना, कोटा प्रणाली को समाप्त करने और न्यायिक प्रणाली में सुधार सहित कई मांगें की हैं। सरकार और पीएसी के बीच हाल ही में हुई वार्ता विफल होने के बाद विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं।

# तालिबान का खूंखार कमांडर आ रहा भारत, पाकिस्तान में हड़कंप



**नई दिल्ली, 03 अक्टूबर (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के विदेश मंत्री, आमिर खान मुत्ताकी का बहुप्रतीक्षित भारत दौरा अब तय हो गया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मिली विशेष अनुमति के बाद, मुत्ताकी 10 अक्टूबर को भारत आ सकते हैं और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात करेंगे। यह तालिबान शासन के बाद किसी तालिबानी नेता की पहली भारत यात्रा है, जो अफगानिस्तान-भारत संबंधों में एक नए अध्याय का संकेत है। यह दौरा न केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिए, बल्कि क्षेत्रीय भू-राजनीति, विशेषकर पाकिस्तान के लिए, कई गंभीर निहितार्थ रखता है। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से क्षेत्रीय समीकरणों में अप्रत्याशित बदलाव देखने को मिल रहे हैं। पाकिस्तान, जिसने 2021 में अशरफ गनी सरकार के पतन का जश्न मनाया था, यह मानकर चल रहा था कि भारत के साथ अफगानिस्तान के रिश्ते कमजोर पड़ेंगे। गनी सरकार का भारत के प्रति दोस्ताना रुख था, और पाकिस्तान को उम्मीद थी कि तालिबान के आने से भारत-अफगान संबंध बिगड़ेंगे और इस्लामाबाद का प्रभाव बढ़ेगा। हालांकि, हुआ इसका ठीक उल्टा। तालिबान और भारत के संबंध धीरे-धीरे बेहतर होने लगे, जबकि पाकिस्तान के साथ तालिबान के रिश्ते बिगड़ते चले गए। कुल मिलाकर, तालिबान विदेश मंत्री का भारत दौरा सिर्फ एक राजनयिक घटना नहीं है, बल्कि यह बदलती क्षेत्रीय गतिशीलता का प्रतीक है, जहाँ अफगानिस्तान अपनी विदेश नीति में अधिक स्वायत्तता दिखा रहा है, जिससे पाकिस्तान के क्षेत्रीय समीकरण प्रभावित हो रहे हैं।

## चैतन्यानंद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नई दिल्ली, 03 अक्तूबर (एजेंसी)।** छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को पटियाला हाउस कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। चैतन्यानंद की पांच दिन की पुलिस हिरासत आज खत्म हो गई थी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस उसे पटियाला हाउस कोर्ट लेकर पहुंची थी। वहीं, कोर्ट ने चैतन्यानंद ने 3 आवेदनों पर पुलिस से जवाब मांगा है। इसमें उसकी चीजों की सूची, केस की जानकारी, संन्यासी के खाने-पीने, कपड़े, दवाइयां और किताबें देने की बात शामिल है। इधर, दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद की तीन करीबी महिला सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

## कवच फैशन स्टूडियो का शुभारंभ, डिजाइनर कलेक्शन को सराहा



**मुजफ्फरनगर, 03 अक्टूबर (बुस.)।** नई मंडी में कवच (द फैशन स्टूडियो) का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सिंगल परिवार ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। फैशन स्टूडियो की संचालिका पूजा सिंगल ने बताया कि स्टूडियो में सभी प्रकार के लहंगे, विभिन्न फैब्रिक्स और डिजाइन में किफायती दामों पर उपलब्ध रहेंगे। संग्रह में सूरत और मुंबई के डिजाइनर पीस भी शामिल किए गए हैं। शुभ मुहूर्त कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति राकेश कुमार गर्ग, अजय अग्रवाल, सुरेश सिंगल, योगेश सिंगल, संजय सिंगल, नितिन सिंगल, डॉ. मोहनलाल गर्ग, आकाश गर्ग, सुनील अग्रवाल, उमेश गोयल, विपुल भटनागर, हर्ष पुरी और देवेंद्र अरोड़ा उपस्थित रहे और स्टूडियो के कलेक्शन की सराहना की।

## आई लव मोहम्मद को लेकर जुम्मे की नमाज के दौरान पुलिस रही हाई अलर्ट पर

**मीरापुर, 03 अक्टूबर (बु.)।** मीरापुर क्षेत्र में आई लव मोहम्मद को लेकर जुम्मे की नमाज के दौरान पुलिस व खुफिया विभाग अलर्ट दिखाई दिया। क्षेत्र में जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। बरेली में आई लव मोहम्मद के पोस्टरों को लेकर कुछ दिन पूर्व हुए बवाल के बाद पूरे प्रदेश में जुम्मे की नमाज को लेकर हाई अलर्ट जारी था। मीरापुर में जुम्मे की नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन व खुफिया विभाग पूरी तरह अलर्ट रहे। सभी मस्जिदों के बाहर पुलिसबल तैनात रहा। इस दौरान पुलिस ने लोगो से शांतिपूर्ण तरीके से रहने की अपील की और किसी भी असामाजिक तत्व की सूचना तत्काल पुलिस को देने को कहा। क्षेत्र में जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई।

## महिला को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने में सहयोग करने के आरोपित सहित 2 गिरफ्तार



**चरथावल, 03 अक्टूबर (बु.)।** ग्राम-मुथरा नंगला राई मार्ग से पुलिस ने हिन्दू महिला को मुस्लिम युवक द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने में सहयोग करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा कस्बे से एक युवक को भी पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। चरथावल थाना-क्षेत्र के गांव निवासी द्वारा दर्ज कराए मुकदमे में बताया गया था कि पांच सितंबर को वह खेल-खिलौने बेचने मेले में गया था। परिवार के अन्य लोग भी रिश्तेदारी में गये हुए थे। आरोप है कि गांव मुथरा निवासी जाबिर उसकी 36 वर्षीया पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। महिला को भगा ले जाने में साबिर नामक युवक द्वारा सहयोग किया गया था। थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि महिला को भगा ले जाने में सहयोग करने का आरोपित कहीं जाने की फिराक में ग्राम नंगला राई चौराहे पर खड़ा है। सूचना पर हिंडन चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार ने टीम के साथ घेरा बंदी करके आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उधर, मिशन शक्ति अभियान के तहत चरथावल कस्बे के मुहल्ला तीरगरान निवासी सन्दीप पुत्र मुकेश को शांति भंग करने के आरोप में उपनिरीक्षक डोली यादव द्वारा गिरफ्तार किया गया।

### आपका आज का राशिफल
### शनिवार, 04 अक्टूबर, 2025

**मेष-** परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना के शुरूआत हेतु विचार-विमर्श, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आपसी वैमनस्यता में कमी, भौतिक सुख के साधन।
**वृषभ-**आर्थिक व्यवसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, प्रेमसम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।
**मिथुन-** आज रात्रि 11/56 बजे तक समय प्रतिकूल, भाग्य में न्यूनता, किसी मुद्दे पर तनाव, आत्मीयजनों से कष्ट, शेष समय में कठिनाइयों का निवारण, सुयश की प्राप्ति।
**कर्क-** आज रात्रि 11/56 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, सफलता का सुयोग, कर्ज की निवृत्ति, ज्ञान-विज्ञान में रुचि, शेष समय में कार्यों में अड़चनें, यात्रा विफल।
**सिंह-** विचाराधीन योजना का कार्यरूप में परिणित, सामाजिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, आपसी सौहार्द, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, वैमनस्यता का समापन।
**कन्या-** स्वास्थ्य सुधार पर, पुराने विवाद का हल पक्ष में, परिवार में उल्लासमय वातावरण, नौकरी में पदोन्नति, राजनैतिक लाभ का प्रयास सार्थक।
**तुला-** आज रात्रि 11/56 बजे तक निराशा, आरोग्य सुख में व्यतिक्रम, उलझनें, दुर्जनों से कष्ट, शेष समय योजना की पूर्ति के लिए बेहतर, आृथक उन्नति, शांति।
**वृश्चिक-** आज रात्रि 11/56 बजे तक सफलता, व्यापार में धन निवेश, स्वनिर्णय हितकर, यात्रा का प्रसंग, शेष समय में परेशानी, अपेक्षित सहयोग का अभाव।
**धनु-** कार्य व्यवसाय में परिश्रम के अनुरूप सफलता, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, दाम्पत्य जीवन मधुर, सुसमाचार की प्राप्ति।
**मकर-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि।
**कुम्भ-** आज रात्रि 11/56 बजे तक समस्याएं प्रभावी, जोखिम से नुकसान, आत्मीयजनों से कटुता, शेष समय में सामयिक कार्य प्रगति पर, नवसम्पर्क।
**मीन-** आज रात्रि 11/56 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, अधूरे कार्य पूर्णता, अकल्पित लाभ, समय विपरीत, योजना पूर्ति में विलम्ब, विश्वासघात की आशंका।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# हिस्ट्रीशीटरों ने गांव में घुसकर ग्रामीणों से की दबंगई, पीड़ित द्वारा बनाई वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस में मचा हड़कंप

**भोपा, 03 अक्टूबर (बु.)।** भोपा क्षेत्र के गांव कासमपुर में भोपा थाने के दो हिस्ट्रीशीटर बदमाशों ने दबंगई और आतंक बरपाते हुए ग्रामीणों को धमकाया और हथियार निकालकर लाने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस में हड़कंप मच गया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर निवासी अमित सिंह ने भोपा थाने पर दी तहरीर में बताया कि बीते बुधवार की शाम गांव में शादी समारोह से पूर्व के कार्यक्रम आयोजित हो रहे थे। इसलिए वह कुछ दोस्तों के साथ गांव के शराब के ठेके पर खड़ा हुआ था, तभी पास में रहने वाले एक मकान से चार अज्ञात युवक निकल कर आए और उन्होंने पीड़ितों के साथ बेवजह गाली-गलौच व मारपीट करनी शुरू कर दी, जिसका पीड़ित द्वारा विरोध किया गया, तो आरोपियों ने हथियार निकाल कर लाने की धमकी देते हुए जान से मारने की भी धमकी दे डाली। शोर-शराबे की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई, जिसके बाद किसी ग्रामीण द्वारा मामले की सूचना भोपा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। कहासुनी की यह वारदात किसी ग्रामीण ने अपने मोबाइल में कैद कर ली और उस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सूत्रों के अनुसार वीडियो में दिखाई देने वाले दो आरोपी भोपा थाने के हिस्ट्रीशीटर बताए गए है। वायरल हुए वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि आरोपी ग्रामीणों को अपनी दबंगई दिखा रहे हैं और उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उनके हाव-भाव से साफ जाहिर हो रहा था कि वे कानून को अपने हाथ में लेने पर आमादा हैं। जानकारी के अनुसार घटना में शामिल बदमाशों पर थाना भोपा पर कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें गंभीर आरोप शामिल हैं, जिसके बाद भी आरोपियों का खुलेआम घूमना पुलिस की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस में हड़कंप मचा हुआ है। मामले में जब थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार से संपर्क किया गया, तो उन्होंने मीटिंग में होने की बात कही है।




# मुठभेड़ में मारे गए ईनामी नईम के जनाजे में मारपीट व फायरिंग के मामले में 30 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मीरापुर, 03 अक्टूबर (बु.)।** एक सप्ताह पूर्व मीरापुर पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए एक लाख के ईनामी कुख्यात बदमाश नईम के जनाजे में उसके परिवार व ससुराल वालों के बीच नईम का अंतिम बार मुंह दिखाने को लेकर मारपीट हो गई थी तथा हवा में पिस्टल लहराया गया था और तमंचे से फायरिंग भी हुई थी। उक्त मामले की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में 30 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। करीब एक सप्ताह पूर्व रविवार को मीरापुर थाने की भूम्मा पुलिस चौकी के निकट दिनदहाड़े पुलिस व बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में मुजफ्फरनगर के दक्षिणी खालापार निवासी एक लाख का ईनामी कुख्यात बदमाश नईम पुत्र युसुफ ढेर हो गया था। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को कुख्यात नईम का मीरापुर निवासी साला अकरम नईम का शव मीरापुर लेकर आया था। शव को सुपुर्दे खाक करने से पहले मुजफ्फरनगर से नईम के परिवार के लोग भी मीरापुर आ गए थे तथा यहाँ जब वह नईम का अंतिम बार मुँह देखने लगे, तो मृतक नईम के साले अकरम व अन्य ससुराल वालों ने नईम के परिवार वालों को आखिरी बार मुंह दिखाने से मना कर दिया था, जिस पर जनाजे से पहले दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई थी तथा एक युवक द्वारा हवा में पिस्टल भी लहराई गई थी। दोनों पक्षों में फायरिंग होनी की सूचना भी मिली थी, जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुँची थी। कुछ महिलाओं ने अपने मोबाइल से घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। वीडियो वायरल होते ही पुलिस सक्रिय हो गई तथा कस्बा इंचार्ज एसआई ओमेंद्र सिंह ने कुख्यात के जनाजे में फायरिंग करने के मामले 30 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## धमकी देने व मारपीट करने का आरोप लगाया

**शाहपुर, 03 अक्टूबर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव बरवाला निवासी एक युवक ने गांव के ही एक व्यक्ति पर पंचायत चुनाव में किसी अन्य के साथ ना रहने की धमकी देने व उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के गांव बरवाला निवासी अरुण कुमार ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया कि 30 सितंबर की प्रातः करीब नौ बजे गांव का ही उपेंद्र उर्फ भाला उसके घर आया और गांव पंचायत चुनाव में किसी अन्य के साथ ना रहने की धमकी दी और कहा कि चुनाव में उसके साथ ही रहना है। इसके बाद रात्रि लगभग नौ बजे वह मोहल्ले में उसे दोबारा मिल गया और बोला कि तू बहुत बड़ा नेता बन रहा है, इतना कहते हुए आरोपी ने पिस्टल लगाकर उसके साथ मारपीट की, जिसमें उसे काफी चोटें आई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे धमकी दी कि यदि चुनाव तक वह गांव में दिखाई दिया, तो वह उसे जान से मार देगा। पीड़ित ने बताया कि आरोपी की धमकी से वह व उसका परिवार काफी डरा हुआ है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।



## श्रीराम के राज्याभिषेक को नगर में धूमधाम के साथ मनाया गया

**जानसठ, 03 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे के मौहल्ला मिश्रान स्थित प्राचीन रामलीला के 125 वर्ष पूर्ण होने पर भगवान श्री राम का राज्याभिषेक बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। शुक्रवार की श्याम भगवान श्रीराम के नगर आगमन पर बैंड-बाजे और डीजे के साथ नगरवासियों ने राज्याभिषेक को भव्य रूप दिया। इस कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रवेंद्र भड़ाना ने नारियल फोड़कर की। शुक्रवार की सायं नगर पंचायत कार्यालय के बाहर के मैदान से भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का शुभारंभ निवर्तमान अध्यक्ष जानसठ प्रवेंद्र भड़ाना ने नारियल तोड़कर किया। रावण को मारकर भगवान श्रीराम जैसे ही अपने नगर पहुंचते हैं, तो सभी नगरवासी ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत करते हैं। नगर के कई स्थानों पर नगरवासियों ने अपने घर के बाहर पांच दीपक जलाकर भगवान श्रीराम की वापसी को भव्य रूप से मनाया। नगर में कई जगह भगवान श्री इस दौरान समिति के उमाशंकर शर्मा, सोनी गुर्जर, अमित शर्मा, प्रमोद कुमार, संरक्षक गोपाल सैनी, वेद प्रकाश सैनी, निर्देशक राम अवतार शर्मा, महन्त रतन सिंह राजपूत, ठाकुर प्रदीप राणा, आशीष भारद्वाज, उदित कंबोज, अनिल स्मृति, राजन कश्यप, सुनील कश्यप, विकास सैनी, बलराज सैनी, विकास धनगर लेखपाल, राजीव गुप्ता, अमरजीत सैनी, सुमित सैनी, श्यामबाबू सैनी, अनिल कुमार, ज्ञानचंद सैनी, अशोक राजपूत, रचित, वीपी सिंह, लवी सैनी, यशदीप शर्मा, शालू वालिया आदि लोग मौजूद रहे।

## राजतिलक के साथ श्री रामलीला का भव्य समापन हुआ




**मीरापुर, 03 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे में श्री रामलीला मण्डल के तत्वावधान में आयोजित पुरानी रामलीला में युद्धस्थल पर भगवान श्रीराम के हाथों रावण का वध होते ही श्री राम की सेना का विजय उद्घोष होता है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी अरुण शर्मा द्वारा भगवान श्रीराम व लक्ष्मण जी की आरती की गई। बाद में भगवान श्रीराम-सीता माता, लक्ष्मण जी व हनुमान जी और सुग्रीव के साथ अयोध्या पहुँचते हैं। श्रीराम के अयोध्या पहुँचने की सूचना पर पूरे अयोध्या को दीपों की रोशनी से सजाकर जगमगाया जाता है तथा ढोल ताशों की थाप पर अयोध्यावासी नृत्य करते हैं। यहाँ पहुँचने पर भगवान श्रीराम का भव्य राजतिलक होता है। राजतिलक की लीला देख लोग प्रफुल्लित हो उठे। स्थानीय कलाकारों द्वारा की गई इस लीला को देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए। श्री रामलीला मण्डल द्वारा समाजसेवी अरुण शर्मा को पटका पहनाकर व श्री राम मंदिर की भव्य प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान व्यवस्था बनाने वालों में मुख्यरूप से पंकज संगल, मोहित गर्ग, गौरव पुष्कर शर्मा, अनिता पुष्कर शर्मा, आशीष संगल, तेजपाल वर्मा, पुनीत रस्तौगी, रमन रस्तौगी, निशान्त माहेश्वरी, गगन अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, कमलेश भारद्वाज, कमलेश वत्स शर्मा, लाला मोहनलाल संगल आदि मौजूद रहे।



एक तरफ ट्रिपल राइडिंग पर हुए चालान तो दूसरी तरफ सड़क किनारे खड़े वाहनों पर की गयी कार्यवाही

## सघन चैकिंग अभियान में सडक किनारे खड़े वाहनों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही

**मुजफ्फरनगर, 03 अक्टूबर (बुस.)।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा निरंतर जनपद में अभियान चलाकर अतिक्रमण, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है। साथ ही जनपदवासियों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरुक भी किया जा रहा है। इसी क्रम में आज यातायात पुलिस द्वारा लापरवाही व यातायात नियमों का उल्लंघन कर सड़क किनारे खड़े कुल 51 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए चालान किया गया है। इसके साथ ही सभी होटल/ढाबा/प्रतिष्ठान स्वामियों को बताया गया कि सड़क किनारे खड़े वाहनों से दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। अपने ढाबा/होटल/प्रतिष्ठान के सामने वाहन न खड़ा होने दें। यदि ऐसे वाहन किसी व्यापारिक प्रतिष्ठान, होटल, ढाबों के सामने सड़क के किनारे खड़े मिलेंगे, तो उनके विरुद्ध यातायात पुलिस मुजफ्फरनगर द्वारा विधिक कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही यातायात पुलिस द्वारा सडक किनारे खड़े वाहन के चालकों को सड़क किनारे वाहन न खड़ा करने हेतु जागरुक किया गया। मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा जाति सूचक शब्द वाहनों पर लगाकर चलने वाले, बिना सीट बेल्ट लगाकर चार पहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बैठाकर चलने वाले एवं बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। इस चैकिंग अभियान में 45 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई।


संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

